लाख मकानों का निर्माण किया जा चुका है। ग्रामीण सड़क योजना घटक के अंतर्गत, नवंबर, 2009 तक 96 हजार किलोमीटर सड़क का निर्माण करके, लगभग 34 हजार गांवों को जोड़ा जा चुका है। ग्रामीण जल-आपूर्ति योजना घटक के अंतर्गत, वर्ष 2009-10 में 627 में से 586 ऐसी बस्तियों को जल की आपूर्ति कर दी गई है जिन्हें अभी तक यह सुविधा प्राप्त नहीं हो पाई थी। वर्ष 2009-10 में 1.79 लाख अपेक्षित गुणवत्ता-रहित बस्तियों में से लगभग 35 हजार बस्तियों को इस कार्यक्रम में शामिल किया गया है। सिंचाई योजना घटक के अंतर्गत, जिसकी शुरुआत वर्ष 2005-06 में की गई थी, वर्ष 2011-12 तक एक करोड़ हेक्टेयर भूमि के लिए सिंचाई क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। 31.12.2009 तक 70 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि में सिंचाई सुविधा प्रदान की जा चुकी है।

'राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना' के फलस्वरूप 67 हजार से अधिक गांवों का विद्युतीकरण किया गया है। गरीबी रेखा से नीचे के लगभग 84 लाख परिवारों को बिजली के मुफ्त कनेक्शन दिए गए हैं। वर्ष 2014 तक 40 प्रतिशत ग्रामीण टेली-डेनसिटी प्राप्त करने के लिए प्रयास आरंभ किए गए हैं।

हमारे देश के शहरी क्षेत्र जहां एक ओर चुनौती खड़ी करते हैं वहीं अनेक अवसर भी प्रदान करते हैं। इन चुनौतियों का सामना करने तथा अवसरों का लाभ उठाने के लिए वर्ष 2005 में 'जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण मिशन' प्रारंभ किया गया। इस मिशन के अंतर्गत, शहरी विकास और शहरी गरीबों के कल्याण के लिए एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

हमें शहरी आवास और स्लम क्षेत्रों पर भी ध्यान देना होगा। सरकार महत्वाकांक्षी 'राजीव आवास योजना' पर कार्य कर रही है जिसका उद्देश्य ऐसे राज्यों की सहायता करना है जो स्लम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को संपत्ति का अधिकार देने के इच्छुक हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्लम निवासियों के लिए हमारे शहरों के भीतर ही निश्चित स्थान निर्धारित करना होगा और इन शहरों को स्लम रहित बनाने के लिए वांछित परिवर्तन करने और इनका पुनर्विकास करने का प्रयास किया जाएगा।

सतत एवं सर्वांगीण विकास में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र का बहुत महत्व है। सरकार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र पर गठित कार्यबल की सिफारिशें शीघ्रातिशीघ्र लागू करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। ऋण प्राप्ति सुविधा में सुधार, बुनियादी ढांचे के विकास, जिला उद्योग केन्द्रों का सुदृढ़ीकरण, कच्चे माल की आपूर्ति में सुधार, उत्पाद विपणन की सुगमता और संस्थागत सुधार इनमें शामिल हैं।

माननीय सदस्यगण,

मेरी सरकार सीमावर्ती राज्यों पर विशेष ध्यान देते हुए राष्ट्रीय विकास के प्रति संतुलित दृष्टिकोण अपनाए जाने की पक्षधर है।

प्रधानमंत्री की जम्मू-कश्मीर पुनर्निर्माण योजना के अंतर्गत बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत सड़कों, कालेजों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों और आंगनवाड़ी केन्द्रों के निर्माण का कार्य तत्काल आधार पर शुरू किया गया है। सर्दी के महीनों में राज्य को 5 मेगावाट अतिरिक्त बिजली प्रदान की गई।

मेरी सरकार, उत्तर-पूर्व राज्यों में बुनियादी ढांचे के तीव्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। विशेष

त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 1 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत सभी राज्यों की राजधानियों और इन राज्यों में प्रत्येक जिले को दो लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जाएगा। इसके अंतर्गत 16सौ किलोमीटर से अधिक लंबे अरुणाचल राजमार्ग का निर्माण शामिल है। अरुणाचल प्रदेश के सभी सीमावर्ती गांवों को 'होम लाइटिंग सिस्टम' मुहैया कराने के लिए विशेष कार्यक्रम का काफी हद तक कार्यान्वयन हो चुका है।

माननीय सदस्यगण,

हमारी अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है इसलिए यह आवश्यक है कि समाज के वंचित वर्गों को भी सफलता की इस कहानी का हिस्सेदार बनाया जाए।

अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वननिवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम के अंतर्गत, अभी तक लगभग 7 लाख अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। शेष दावों का यथाशीघ्र निपटान सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे।

सरकार ने अल्पसंख्यक समुदायों के विकास के लिए व्यापक रोडमैप तैयार किया है। वर्ष 2008-09 में अल्पसंख्यक समुदायों को दिए गए ऋणों में 82 हजार करोड़ रुपए तक वृद्धि हुई, जो कुल प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण के 12 प्रतिशत से अधिक है। केन्द्र सरकार में रिक्त पदों पर अल्पसंख्यकों की भर्ती में बढ़ोतरी हुई है और नई भर्तियों में अल्पसंख्यकों का प्रतिनिधित्व जो वर्ष 2006-07 में 7 प्रतिशत था, बढ़कर वह 2008-09 में 9 प्रतिशत से अधिक हो गया है।

अल्पसंख्यक बहुल जिलों में बहु-क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम की शुरुआत बहुत अच्छी रही है। वर्ष 2007-08 में प्रारंभ की गई तीन छात्रवृत्ति स्कीमों को जोरदार समर्थन प्राप्त हुआ है। प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या बढ़कर लगभग 15 लाख तक पहुंच गई है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वालों में बालिकाओं की संख्या में महवपूर्ण वृद्धि हुई है।

. मेरी सरकार संसद के इस सत्र के दौरान वक्? अधिनियम में संशोधन करने का प्रस्ताव पेश करेगी।

हमारी एकता और सामाजिक सौहार्द ही, आतंकवादियों और उनकी विघटनकारी योजनाओं का सही जवाब है। इसीलिए हमारी सरकार अपने सामाजिक ताने-बाने की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इसी प्रयोजन से, हम संसद के इस सत्र के दौरान 'सांप्रदायिक हिंसा (रोकथाम, नियंत्रण एवं पीड़ितों का पुनर्वास) विधेयक, 2005' को शीघ्र पारित करवाने का प्रयास करेंगे।

मेरी सरकार मई, 2008 में राज्यसभा में पेश किए गए महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्र पारित करवाने के लिए वचनबद्ध है। माननीय सदस्यों से मेरा आग्रह है कि आप सब इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव की ओर विशेष ध्यान दें।

पंचायतों तथा शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के उद्देश्य से, संविधान में संशोधन करने के लिए दो विधेयक पहले ही पेश किए जा चुके हैं। आशा है कि इस सत्र में इन्हें पारित किया जा सकेगा।

राष्ट्रीय युवा कोर स्कीम शुरू की गई है जिसके अंतर्गत 25 से 35 वर्ष के युवा वर्ग को राष्ट्र निर्माण संबंधी कार्यों में दो वर्ष तक सेवा करने योग्य बनाया जाएगा। पहले चरण में बीस हजार

स्वयंसेवकों को लगाया जाएगा और जम्मू-कश्मीर में डल झील की सफाई करने जैसे विभिन्न रचनात्मक सामाजिक कार्यों में उनकी सेवाएं ली जाएंगी।

माननीय सदस्यगण,

सभी क्षेत्रों के त्वरित विकास के लिए शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करना आवश्यक है। सरकार ने 'सर्वशिक्षा अभियान' एवं 'मध्याह्न भोजन कार्यक्रम' के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा में भारी निवेश किया है और नए 'राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान' द्वारा माध्यमिक स्तर की शिक्षा का सार्वजनीकरण करने की दिशा में प्रयास कर रही है। 'बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009' अधिसूचित किया जा चुका है जो पहली अप्रैल, 2010 से प्रभावी होगा। शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए जिलों में 373 आदर्श महाविद्यालय स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों की सहायता हेतु एक स्कीम अनुमोदित कर दी गई है। सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से 'राष्ट्रीय शिक्षा मिशन' की स्थापना की गई है जिससे देश के लगभग 18 हजार महाविद्यालयों और 400 विश्वविद्यालयों को ब्रॉडबैंड इंटरनेट से जोड़ा जाएगा। आर्थिक दृष्टि से कमजोर परिवारों के बच्चों द्वारा लिए जाने वाले शैक्षिक ऋणों के ब्याज पर सब्सिडी देने की भी स्कीम शुरू की गई है। 'साक्षर भारत' नाम से एक नया अभियान चलाया गया है जिसमें महिला साक्षरता पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

माननीय सदस्यगण,

मेरी सरकार शैक्षिक ढांचे में बुनियादी परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह शैक्षिक ढांचा विस्तार, समावेशन और उत्कृष्टता के तीन स्तंभों पर आधारित होगा। भारत में उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान की नियामक संस्था के रूप में 'राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा एवं अनुसंधान परिषद' की शीघ्र स्थापना की जाएगी जिसका कार्यक्षेत्र व्यापक होगा। सरकार एक ऐसा कानून बनाने जा रही है जिसके आधार पर उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में विश्वविख्यात और उत्कृष्ट अकादमिक संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके और व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा कौशल विकास के लिए विदेशों से शिक्षा प्रदाताओं को लाया जा सके ।

केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास में कम से कम 10 प्रतिशत इक्विटी के पब्लिक ऑफर के जरिए आम आदमी को भागीदारी का अवसर प्रदान करने के लिए सरकार ने लाभकारी कंपनियों को स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने का निर्णय लिया है।

मेरी सरकार ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने के लिए कई कदम उठाए हैं। 'राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना' का क्रियान्वयन किया जा रहा है। 'जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय सौर मिशन' शुरू किया गया जिसके अंतर्गत वर्ष 2022 तक 20 हजार मेगावाट सौर ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

'ऊर्जा दक्षता वृद्धि मिशन' का अनुमोदन किया जा चुका है और जिसके अंतर्गत ग्यारहवीं योजना के अंत तक 10 हजार मेगावाट बिजली की बचत होने की आशा है।

पर्यावरण संरक्षण एवं वन संरक्षण से संबंधित सिविल मामलों का त्वरित और प्रभावी निपटान सुनिश्चित करने के लिए 'राष्ट्रीय हरित अधिकरण विधेयक, 2009' (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल बिल, 2009) पेश किया गया है।

हमारी अर्थव्यवस्था अभी भी पूरी तरह तेल और गैस पर आश्रित है। लगभग एक दशक तक उत्पादन में गतिरोध बने रहने के बाद, वर्ष 2009-10 में 20 नए तेल क्षेत्रों की खोज होने से तेल उत्पादन क्षमता में काफी वृद्धि होने की संभावना है।

मेरी सरकार, गैस और पेट्रोलियम उत्पादों को आम आदमी तक अधिक से अधिक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। 'राजीव गांधी ग्रामीण एलपीजी वितरक योजना' नाम से गांवों में एलपीजी वितरण की एक नई योजना आरंभ की गई है।

राष्ट्रीय विद्युत नीति के अनुसार वर्ष 2012 तक 'घर-घर बिजली' पहुंचाने के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि को प्रोत्साहन देने के विशेष प्रयास किए गए हैं। फलस्वरूप, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान दसवीं योजना में शामिल क्षमता से तीन गुना अधिक क्षमता वृद्धि की संभावना है।

मेरी सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों को तीव्र गति से करने की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन 20 किलोमीटर के निर्माण कार्य का लक्ष्य रखा है। कई नीतिगत पहलें की गई हैं ताकि एक अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके । राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास कार्य में नई गति आई है।

नागर विमानन क्षेत्र भी इस विश्व मंदी से अप्रभावित नहीं रह सका। विशेषकर हमारी राष्ट्रीय विमान सेवा, 'एयर इंडिया' तो बुरी तरह प्रभावित हुई। मंत्री समूह के सजग मार्गदर्शन में इसके यथाशीघ्र पुनर्वास के प्रयास किए जा रहे हैं।

विमानपत्तनों, विशेषकर चार महानगरीय विमानपत्तनों का विस्तार एवं आधुनिकीकरण तेजी से हो रहा है। दिल्ली विमानपत्तन परियोजना जुलाई, 2010 तक अर्थात राष्ट्र मंडल खेलों से काफी पहले ही पूरी तरह क्रियान्वित हो जाएगी। विमानपत्तन के क्षेत्र में नियामक कार्यों के निष्पादन के लिए 'विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण' की स्थापना की गई है।

मेरी सरकार, 'राष्ट्रीय समुद्री विकास कार्यक्रम' चला रही है जिसके अंतर्गत पान और जहाजरानी क्षेत्र में चिह्नित परियोजनाओं पर निजी निवेश सहित एक लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि का निवेश होगा। 'भारतीय सामुद्रिक विश्वविद्यालय' ने पूरी तरह से कार्य करना आरंभ कर दिया है। चेन्नई, मुंबई, कोलकाता, विशाखापट्टनम और कोच्चि में इसके कैंपस खोले गए हैं।

भारतीय रेल इस विशाल देश को एक सूत्र में पिरोती है। मेरी सरकार रेलवे की क्षमता में पर्याप्त विस्तार करने और रेल प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण तथा सुरक्षा में सुधार करने के साथ-साथ यात्री गाड़ियों और मालगाड़ियों की गति में वृद्धि करने के प्रति वचनबद्ध है।

संपूर्ण कश्मीर घाटी में 'काजीगुंड से बारामूला' तक रेल सेवाएं शुरू हो चुकी हैं जिससे हमारे देश के सभी क्षेत्रों के विकास के प्रति मेरी सरकार की वचनबद्धता प्रदर्शित होती है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की 9 मुख्य राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए सुनिश्चित वित्त-पोषण की व्यवस्था करने के उद्देश्य से एक विशेष 'उत्तर-पूर्व रेल विकास निधि' का सृजन किया गया है।

भारतीय रेलवे ने पूर्वी और पश्चिमी मुख्य मार्गों पर महत्वाकांक्षी 'डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर' भी शुरू किया है। इस परियोजना से भारत के विकास को गति प्रदान करने में मदद मिलेगी।

हमारी सरकार ने जापान सरकार के साथ साझेदारी में एक महवाकांक्षी परियोजना 'दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरीडोर' के क्रियान्वयन में प्रगति की है। यह चुनौतीपूर्ण पहल पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल गुणवत्तायुक्त बुनियादी ढांचा, कारगर परिवहन, विश्वसनीय ऊर्जा आपूर्ति तथा प्रभावी लॉजिस्टिक्स उपलब्ध कराकर छह राज्यों में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेगी।

मेरी सरकार, ग्रामीण क्षेत्रों को आधुनिक संचार सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध है। ग्रामीण कनेक्टिविटी के लिए बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने हेतु 'विश्व सेवा दायित्व निधि' से वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। मेरी सरकार ने देश भर के दूरस्थ स्थानों को जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2010-11 में 10 हजार टावर स्थापित करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। वर्ष 2012 तक 60 करोड़ टेलीफोन कनेक्शन के लक्ष्य में से अब तक 57 करोड़ से भी अधिक कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इनमें से अकेले दिसम्बर, 2009 में ही लगभग दो करोड़ कनेक्शन दिए गए हैं, जो अभूतपूर्व वृद्धि कही जा सकती है।

'राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण' के तत्वावधान में 'मिशन निर्मल गंगा' यह सुनिश्चित करेगा कि वर्ष 2020 तक किसी भी शहरी नाले और औद्योगिक बहिःस्त्राव को शोधन किए बिना गंगा में नहीं बहने दिया जाएगा। गंगा की 'निर्मल धारा' और 'अविरल धारा' को सुनिश्चित करने के इस कार्य में केन्द्र और संबंधित राज्यों के संगठित और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता होगी।

माननीय सदस्यगण,

हम जिस समावेशी समाज की आकांक्षा करते हैं, उसमें निष्पक्ष न्यायप्रणाली तक जनता की पहुंच और भरोसा होना आवश्यक है। सरकार ने 'राष्ट्रीय न्याय एवं विधिक सुधार मिशन' बनाने का निर्णय लिया है जिसका उद्देश्य सरकार को एक जिम्मेदार एवं सजग पक्षकार बनाना, न्यायिक प्रबंधन की शुरुआत करना, न्यायालय प्रशासन और केस प्रबंधन में सुधार करने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी को अपनाना तथा लंबित मुकदमों की संख्या को कम करना है।

'सबके लिए अच्छा स्वास्थ्य' अभी भी हमारे लिए एक राष्ट्रीय चुनौती बना हुआ है। 'राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन' के जरिए जन स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को क्रियाशील किया गया है। इसके लिए मानव संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अनेक उपाय किए गए हैं जिनमें कम चिकित्सा सुविधा वाले क्षेत्रों में मेडिकल, नर्सिंग और पैराचिकित्सा संस्थानों की स्थापना, विशेषज्ञों और सुपर-विशेषज्ञों के लिए अतिरिक्त सीटों का सृजन और ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करने के लिए चिकित्सकों को प्रोत्साहित करना शामिल हैं। प्रारंभिक आंकड़े, इस मिशन के सकारात्मक प्रभाव को इंगित करते हैं।

. मेरी सरकार ने इन्फ्लूएंजा ए एच1एन1 नामक विश्वव्यापी महामारी से निपटने के लिए तत्परता से कार्य किया। देश में आने वाले एक करोड़ से भी अधिक यात्रियों की अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर जांच की गई। एच1एन1 परीक्षण के लिए नई प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं, राज्यों को औषधियों की दो करोड़ खुराक निःशुल्क वितरित की गईं और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए 15 लाख टीकों का आयात किया गया। देश में पहली बार इन्फ्लूएंजा ए एच1एन1 का टीका विकसित किया जा रहा है जो इस वर्ष उपलब्ध हो जाएगा।

मेरी सरकार ने भारत से बाहर जमा काले धन का पता लगाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें 'आयकर अधिनियम, 1961' में संशोधन करना शामिल है जिससे केन्द्र सरकार गैरसंप्रभुता वाले

क्षेत्रों के साथ कर संबंधी समझौते कर सके। बड़े क्षेत्रों के साथ सूचना के आदान-प्रदान के लिए करार करने के उद्देश्य से वार्ता शुरू करने के लिए पहले ही कदम उठाए जा चुके हैं। स्विट्जरलैंड के साथ कर-संधि के लिए पुनर्वार्ता चल रही है। भारत कर संबंधी सूचना के आदान-प्रदान को सुगम बनाने तथा कर चोरी की सुविधा देने वाले क्षेत्रों के खिलाफ कार्रवाई करने से संबंधित वैश्विक प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।

समाचार और मनोरंजन के साधन सभी के लिए वहनीय तथा सर्वसुलभ होने चाहिए। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए हैडएंड इन द स्काई सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु दिशानिर्देश अधिसूचित करने के अतिरिक्त आकाशवाणी और दूरदर्शन दोनों के डिजिटलीकरण पर विचार किया जा रहा है। पहली बार दूरदर्शन राष्ट्रमंडल खेल-2010 का 'हाई डेफीनिशन फार्मेट' के साथ प्रसारण करेगा। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि भारतीय फिल्मों तथा संगीत रचनाओं को अंतरराष्ट्रीय ख्याति और हमारे कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है।

भारत के सभी नागरिकों को बायोमीट्रिक प्रणाली के आधार पर विशिष्ट पहचान पत्र प्रदान करने के लिए 'भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण' स्थापित किया गया है। सरकार के प्रमुख कल्याण कार्यक्रमों और जनसेवाओं के लक्ष्यों एवं डिलीवरी को खासकर गरीबों तथा अलग-थलग पड़े लोगों तक पहुंचाने में यह बृहत् एवं अभूतपूर्व कार्यक्रम कारगर सिद्ध होगा। विशिष्ट पहचान संख्याओं का पहला सेट वर्ष 2011 के पूर्वार्द्ध में जारी होने की संभावना है।

कुछ चुने हुए अग्रणी कार्यक्रमों और अन्य कार्यों की समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय में एक 'डिलीवरी मानीटरिंग यूनिट' (डीएमयू) की स्थापना की गई है। इस यूनिट की प्रगति से राष्ट्र को अवगत कराने के लिए संबंधित नोडल मंत्रालयों ने अपनी-अपनी वेबसाइटों पर तिमाही डीएमयू रिपोर्टें प्रदर्शित करनी शुरू कर दी हैं।

सरकार, अपने लिए और उद्योग, उद्यमियों, प्रौद्योगिकीविदों और शिक्षाविदों के लिए एक नवाचार कार्यनीति बनाने के लिए वचनबद्ध है जिसमें विकास के प्रति हमारे दृष्टिकोण में नए बदलाव लाने के लिए आवश्यक सर्वांगीण विकास और उपयुक्त पारिस्थितिकी तंत्र पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

देश अक्तूबर, 2010 में 19वें प्रतिष्ठित राष्ट्रमंल खेलों की मेजबानी करने जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियां लगभग अंतिम चरण में हैं। खेलों का सुचारु और सफल आयोजन सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

माननीय सदस्यगण,

हमने वैश्विक मामलों में अपनी भूमिका बहुत जिम्मेदारी के साथ निभाई है और अपने देश तथा देश के बाहर के क्षेत्रों में शांति, स्थायित्व और प्रगति के लिए भी कार्य किया है। सरकार, विश्व के साथ हमारे राष्ट्र निर्माताओं द्वारा निर्धारित सिद्धांतों पर आधारित अपनी सक्रिय सहभागिता निभाती रहेगी और इसका उद्देश्य परस्पर निर्भर विश्व में त्वरित एवं सर्वांगीण आर्थिक विकास तथा गरीबी उन्मूलन के हमारे लक्ष्यों को आगे बढ़ाना होगा।

भूटान के राजा एवं प्रधानमंत्री, बंगलादेश की प्रधानमंत्री, मालदीव के राष्ट्रपति और नेपाल के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री की भारत यात्राओं ने पड़ोसी देशों के साथ हमारी मित्रता और पारंपरिक संबंधों

को नए आयाम दिए हैं। श्रीलंका में हुए चुनावों के बाद, अपनी साझेदारी को बढ़ाने के लिए हम वहां की सरकार के साथ मिलकर कार्य करते रहेंगे। भारत, संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों में तमिल अल्पसंख्यकों के लिए मानवीय एवं पुनर्वास प्रयासों तथा दीर्घकालिक पुनर्निर्माण कार्यों में योगदान करेगा। अफगानिस्तान में पुनर्निर्माण के प्रयासों में भारत ने सहयोग के कई महवपूर्ण सोपान तय किए हैं और हम अफगानिस्तान के विकास प्रयासों में उनके साथ साझेदारी करते रहेंगे। यदि पाकिस्तान आतंकवाद के खतरे को गंभीरता से ले और भारत के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए कारगर कदम उठाए तो भारत पाकिस्तान के साथ भी सार्थक संबंध तलाशने के लिए तैयार है।

बड़ी शक्तियों के साथ हमारे संबंध और सुदृढ़ हुए हैं। प्रधानमंत्री की संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा ने भारत-अमेरिकी साझेदारी के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर और आगे विस्तार की नींव तैयार कर दी है। मेरी और प्रधानमंत्री की रूस यात्राओं ने समय की कसौटी पर खरी उतरी हमारी मित्रता को फिर से ताजा किया है तथा सहयोग के नए द्वार खोले हैं। नई दिल्ली में हुई दसवीं भारत-यूरोपीय संघ शिखर वार्ता यूरोप के साथ विस्तार पाती हमारी साझेदारी के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। चीन के साथ हमारी नीतिगत और सहकारी साझेदारी उत्तरोत्तर, क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर महवपूर्ण सिद्ध हुई है। जापान के प्रधानमंत्री की यात्रा ने सभी क्षेत्रों में हमारे सहयोग की गति को तीव्रतर बनाने की हमारी पारस्परिक इच्छा को प्रदर्शित किया है। प्रधानमंत्री ने 'ब्रिक' देशों की पहली शिखर वार्ता में भाग लिया।

मेरी सरकार ने 'लुक ईस्ट' नीति का पूरे उत्साह के साथ अनुसरण किया है। कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति हमारे गणतंत्र दिवस समारोह के सम्माननीय मुख्य अतिथि थे। सरकार ने मंगोलिया के राष्ट्रपति और ऑस्ट्रेलिया एवं मलेशिया के प्रधानमंत्रियों की मेजबानी की। भारत-आसियान मुक्त व्यापार करार पर हस्ताक्षर तथा भारत-आसियान ढांचे एवं पूर्व एशिया शिखर वार्ता प्रक्रिया के भीतर कई नई पहलों की शुरुआत, हमारे देश को एशिया-प्रशांत क्षेत्रों से जोड़ेगी।

ताजिकिस्तान की मेरी यात्रा तथा शंघाई सहयोग संगठन की शिखर वार्ता में प्रधानमंत्री की पहली बार उपस्थिति, मध्य एशिया के साथ मित्रता और आपसी समझ के साथ संबंधों को सुदृढ़ बनाने की सरकार की नीति को दर्शाती है। तुर्की के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से तुर्की के साथ हमारे संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं।

मिस्त्र में गुटनिरपेक्ष शिखर वार्ता में प्रधानमंत्री की शिरकत ने विकासशील देशों के साथ हमारे संबंधों को और सुदृढ़ किया है। खाड़ी और पश्चिम एशिया के देशों पर हम विशेष ध्यान देते रहेंगे। फिलिस्तीनी नेशनल अथॉरिटी के प्रेसिडेंट की भारत यात्रा के दौरान फिलिस्तीनी हितों के लिए भारत ने अपने दृढ़ समर्थन को दोहराया है। नामीबिया के राष्ट्रपति की भारत यात्रा और हमारे उपराष्ट्रपति की बोत्स्वाना, मालावी और जांबिया की यात्रा से अफ्रीकी महाद्वीप के साथ हमारे संबंध और गहरे हुए हैं। हम लैटिन अमेरिका के साथ लगातार बढ़ते सहयोग को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

आतंकवाद, ऊर्जा एवं खाद्य सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय एवं आर्थिक संकट जैसी वैश्विक चुनौतियों के संबंध में भारत का दृष्टिकोण उपयुक्त मंचों पर स्पष्ट रूप से व्यक्त किया जाता रहा है। वैश्विक शासन की संस्थाओं में सुधार का मुद्दा अंतरराष्ट्रीय एजेंडा में शीर्ष पर रखा गया। ग्रुप-20 प्रक्रिया, ग्रुप-8 एवं ग्रुप-5 शिखर वार्ता और कोपेनहेगन में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में भारत की आवाज पूरे सम्मान के साथ सुनी गई।

हम इस बात पर गर्व कर सकते हैं कि प्रवासी भारतीय समुदाय ने विश्व स्तर पर जीवन के सभी क्षेत्रों में महवपूर्ण योगदान दिए हैं और इसके लिए उन्हें पर्याप्त सम्मान भी प्राप्त हुआ है। 'प्रधानमंत्री प्रवासी भारतीय वैश्विक सलाहकार परिषद' की पहली बैठक इस वर्ष हुई। अगले नियमित आम चुनावों के समय तक सरकार विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों को मतदान के अवसर प्रदान करने के लिए कार्य करेगी। भारतवंशियों की सुरक्षा और कल्याण के प्रति हम वचनबद्ध हैं। इस उद्देश्य से 'भारतीय समुदाय कल्याण निधि' स्थापित की गई है।

देश के नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम के महत्वाकांक्षी विस्तार के एक घटक के रूप में अतिरिक्त 'दाबानुकूलित भारी जल रिऐक्टरों' के निर्माण और 'हल्के जल रिऐक्टर' स्थापित करने के लिए स्थलों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। अंतरराष्ट्रीय सिविल नाभिकीय सहयोग के शुरू हो जाने के फलस्वरूप आयातित ईंधन उपलब्ध हो जाने से, 'राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना' की दो इकाइयों में वाणिज्यिक उत्पादन शुरू हो गया है और आशा है कि एक और इकाई शीघ्र ही वाणिज्यिक उत्पादन शुरू कर देगी। सिविल नाभिकीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के लिए रूस, मंगोलिया, नामीबिया, अर्जेंटीना और यूनाइटेड किंगडम के साथ नए करार किए गए हैं और कुछ अन्य करारों पर बातचीत चल रही है।

. टेली-चिकित्सा, टेली-शिक्षा के क्षेत्रों और ग्राम संसाधन केंद्रों में अंतरिक्ष कार्यक्रम राष्ट्र को लगातार सामाजिक सेवाएं मुहैया करा रहा है। पोलर सेटेलाइट प्रक्षेपण यान से ओसियनसैट-2 उपग्रह सफलतापूर्वक छोड़ा गया। निकट भविष्य में स्वदेशी क्रायोजेनिक युक्त जीएसएलवी-डी प्रक्षेपण यान का उड़ान परीक्षण तथा कार्टोसैट-2बी, इनसैट-3डी और रिसोर्ससैट-2 उपग्रहों के प्रक्षेपण की योजना है। जीएसएलवी-मार्क III प्रक्षेपण यान को और विकसित किया जाएगा तथा चन्द्रयान-2 मिशन से संबंधित कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

माननीय सदस्यगण,

हमारा देश एक ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा है। हमारे राष्ट्रनिर्माताओं ने राष्ट्रीय आकांक्षाओं को पूरा करने का जो सपना संजोया था, उसे साकार करने के हम इतने करीब कभी नहीं थे जितने आज हैं। इन आकांक्षाओं को पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 14 अगस्त, 1947 की मध्य-रात्रि को इसी हॉल में इन शब्दों में कहा था :

''भारत की सेवा का अर्थ है उन करोड़ों लोगों की सेवा, जो पीड़ित हैं। इसका अर्थ है गरीबी और अज्ञान तथा रोग और अवसर की असमानता को समाप्त करना।''

हमने इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है, राह लंबी है किंतु हमारी यात्रा जारी है। तो आइए, पूरे विश्वास के साथ एक नए एवं उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ें।

**जय हिन्द ।**

---

**12.27 hrs.**

## OBITUARY REFERENCES

MADAM SPEAKER : Hon. Members, I have to inform the House of the sad demise of five of our colleagues, Shri Arvind Tulsiram Kamble, Shri Nageshwar Dwivedi, Shri Jagpal Singh, Shri Virdhi Chander Jain and Shri Ram Niwas Mirdha.

(*Interruptions*)

**श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी) :** अध्यक्ष महोदया, श्री जनेश्वर मिश्र बहुत ही सीनियर मैम्बर थे, लेकिन इसमें उनका नाम नहीं है।...(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदया :** कृपया इस समय व्यवधान मत डालिए। यह बहुत ही सौलम ओकेज़न है।

...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Shri Arvind Tulsiram Kamble was a Member of the Eighth to Tenth Lok Sabhas from 1984 to 1996 and Twelfth Lok Sabha from 1998 to 1999 representing the Osmanabad Parliamentary Constituency of Maharashtra.

Earlier, Shri Kamble was a Member of the Maharashtra Legislative Assembly from 1980 to 1984. During this period, Shri Kamble served as a Deputy-Minister in the Government of Maharashtra in the year 1982.

Shri Kamble was a Member of the Consultative Committee of the Ministry of Oil and Natural Gas during the Eighth Lok Sabha. He was a Member of the Consultative Committee of the Ministry of Surface Transport and Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes during the Ninth Lok Sabha. Shri Kamble was a Member of the Committee on Estimates; Committee on Defence; Committee on Absence of Members from the Sittings of the House and the Consultative Committee of the Ministry of Labour during the Twelfth Lok Sabha.

An agriculturist by profession, Shri Kamble fought for the rights of farmers and worked tirelessly in the service of the people. Shri Kamble played a significant role in developmental activities of his constituency. He served as the Chairman of the Leather Industries Development Corporation, Maharashtra during the year 1982.

Shri Arvind Tulsiram Kamble passed away on 28th December, 2009 at Pune, Maharashtra at the age of 58.

Shri Nageshwar Dwivedi was a Member of the Fourth and Fifth Lok Sabhas from 1967 to 1977 representing the Machhlishahr Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

Earlier, Shri Dwivedi was a Member of the Uttar Pradesh Legislative Assembly from 1952 to 1962 for two terms.

An agriculturist by profession, Shri Dwivedi took active part in the freedom movement. He participated in the Salt Satyagraha Movement and was imprisoned on a number of occasions.

A well-known social and political worker, Shri Dwivedi was a Member of District Board, Jaunpur, from 1948 to 1952. He was also a Member of Uttar Pradesh Khadi and Gramodyog Board from 1963 to 1966 and Gramodyog Samiti from 1967 to 1970.

A Gandhian to the core, Shri Dwivedi worked for the propagation of Khadi and Village Industries in rural areas through the Samagra Gram Seva Sangh; he founded Shri Keshav Library in 1937 and served as its Manager from 1937 to 1952. He was instrumental in the establishment of the Rashtriya Inter College at Sujanganj. He also founded a Junior High School, a High School and an Inter College in Belwar, Jaunpur.

Shri Nageshwar Dwivedi passed away on 1st January, 2010, at Machhlishahr, Uttar Pradesh at the age of 93.

Shri Jagpal Singh was a Member of the Seventh Lok Sabha from 1980 to 1984 and Ninth Lok Sabha from 1989 to 1991, representing Hardwar Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh, now in Uttarakhand.

Shri Singh was a Member of the Committee of Privileges and the Advisory Committee of the Ministry of Home Affairs during the Seventh Lok Sabha. He was a Member of the Consultative Committee of the Ministry of Information and Broadcasting during the Ninth Lok Sabha.

An agriculturist by profession, Shri Singh worked for the uplift of poor and marginalized sections of the society. He was associated with the Labour and Indian Trade Union movement. Shri Jagpal Singh strove for rights of the students and courted arrest on numerous occasions for their cause.

Shri Jagpal Singh passed away on 13th January, 2010, at New Delhi at the age of 62.

Shri Virdhi Chander Jain was a Member of the Seventh and Eighth Lok Sabhas from 1980 to 1989 representing the Barmer Parliamentary Constituency of Rajasthan.

Earlier, Shri Jain was a Member of the Rajasthan Legislative Assembly from 1967 to 1980.

Shri Jain was Member of the Committee on Absence of Members from the Sittings of the House; Joint Committee on Offices of Profit and Joint Committee on Salaries and Allowances of Members of Parliament during the Seventh Lok Sabha. He was a Member of the Committee on Government Assurances during the Eighth Lok Sabha.

An advocate by profession, Shri Jain fought for the cause of the oppressed and the downtrodden. He struggled valiantly for the eradication of dacoit menace in his constituency. He worked untiringly for the cause of agriculturists. Shri Jain was instrumental in eradicating social evils like "*Begar*" and in the introduction of "*Baghori*" (cash rent) in Barmer District of Rajasthan.

An active social and political worker, Shri Jain served as Member, Barmer Nagarpalika, from 1950 to 1953; Pramukh, Barmer Zila Parishad for two terms from 1959 to 1964. He also served as the President of the Bharat Sewak Samaj, Barmer District for over two decades.

Shri Virdhi Chander Jain passed away on 13th January, 2010, at Barmer at the age of 89.

Shri Ram Niwas Mirdha was a Member of the Eighth Lok Sabha from 1984 to 1989 and Tenth Lok Sabha from 1991 to 1996 representing the Nagaur and Barmer Parliamentary Constituencies of Rajasthan respectively.

He was also a Member of the Rajya Sabha from 1967 to 1984 for four terms representing the State of Rajasthan.

During his long and illustrious political career of almost three decades and a half, Shri Mirdha ably served as a Member of various Parliamentary Committees. He was the Chairman of the Joint Committee to Enquire into Irregularities in Securities and Banking Transactions during the Tenth Lok Sabha.

Earlier, Shri Mirdha was a member of the Rajasthan Legislative Assembly from 1953 to 1967. During this period, he served as the Minister for Agriculture, Irrigation and Transport in the Government of Rajasthan from 1954 to 1957. Thereafter, Shri Mirdha rose to assume the august Office of the Speaker of the Rajasthan Legislative Assembly which office he ably served from 1957 to 1967.

An astute administrator, Shri Mirdha held several important portfolios in the Union Cabinet. He served as the Union Minister of State in the Ministry of Home Affairs from June 1970 to March 1971 and then again from March to June 1986; Minister of State in the Department of Personnel and Administrative Reforms from August 1970 to October 1974; Minister of State, Defence Production in the Ministry of Defence from October, 1974 to December 1975; Minister of State in the Ministry of Supply and Rehabilitation from December 1975 to March 1977; Minister of State (Independent Charge) in the Ministry of Irrigation from January 1983 to August 1984; Minister of State in the Ministry of

External Affairs from August to December 1984; Minister of State (Independent Charge) in the Ministry of Communications from December 1984 to October 1986; Minister of State (Independent Charge) in the Ministry of Textiles from October 1986 to February 1988; Minister of State (Independent Charge) in the Ministry of Water Resources from November 1987 to February 1988; Minister of Textiles from February 1988 to December 1989 and Minister of Health and Family Welfare from January to December 1989.

Shri Mirdha adorned the Office of the Deputy Chairman, Rajya Sabha from March 1977 to April 1980.

A patron of arts and a sports enthusiast, Shri Mirdha was closely associated with various cultural and sports bodies and institutions in the country. He was Chairman, Lalit Kala Akademi; Honorary President, World Federation of United Nations Association and President, Youth Hostels Association of India, Indian Heritage Society and Rajasthan Sansthan Sangh. He also served as the Chairman, National Institute of Sports and the Delhi Urban Arts Commission; Deputy Chairman, Special Organizing Committee for Ninth Asian Games and the President, Maharaja Surajmal Educational Society.

A widely travelled person, Shri Mirdha was a Member of the Indian Parliamentary delegation to the Commonwealth Parliamentary Conference held in Ottawa, Canada in September 1977 and in Wellington, New Zealand in November 1979. He was also a member of the Indian Parliamentary delegation to the Inter-Parliamentary Union Conference held in Caracas, Venezuela in September 1979. He was also the Leader of the Indian Delegation to United Nations General Assembly in September 1984.

Shri Ram Niwas Mirdha passed away on 29th January, 2010 at New Delhi at the age of 85 after a brief illness.

Hon. Members, you are all aware of the sad demise of Shri Jyoti Basu, former Chief Minister of West Bengal.

An astute administrator, Shri Basu has the unique distinction of being the longest serving Chief Minister in the country. He was the Chief Minister of West Bengal for more than 23 years, that is from June, 1977 to November, 2000. As the Chief Minister of West Bengal, he worked steadfastly for the all-round development of the State and introduced land reforms. A strong votary of decentralisation of power, he strengthened the Panchayati Raj system in the State. He rendered a yeoman service for the welfare and uplift of the weak and the downtrodden sections of the society.

In his long and distinguished political career, Shri Jyoti Basu's stint as a legislator began when he was elected to the Bengal Legislative Assembly in 1946, and he continued to be its member till 2001 except for a short period from 1972 to 1977. He made his mark as the Leader of the Opposition in the West Bengal Legislative Assembly between 1957 and 1967. He was twice the Deputy Chief Minister of West Bengal between 1967 and 1970.

Shri Basu, one of the pioneers of the Communist movement in India, was a leading figure in the Indian trade union movement. He was the Vice-President of the CITU since its inception in 1970.

A multifaceted personality, Shri Basu was also an accomplished author. He penned a large number of essays in Bengali language which have been compiled and published in five volumes.

Even after demitting the office of the Chief Minister owing to his frail health, Shri Basu continued to remain actively associated with several projects for the welfare of people.

In his demise the country has lost a worthy son and a committed votary of the humanitarian values and a legislator par excellence. His administrative acumen and political sagacity have left an indelible imprint upon the political canvas of this country. His absence will always be felt in many walks of life.

Shri Jyoti Basu passed away on 17th January, 2010 at Kolkata at the age of 95 after a brief illness.

We deeply mourn the loss of these friends and I am sure the House would join me in conveying our condolences to the bereaved families.

Hon. Members, on 13th February, 2010, in a cowardly terrorist attack, 15 people including foreigners were killed and 60 others injured when a bomb exploded at a popular bakery in the city of Pune. In a brutal naxal attack at the Silda camp of Eastern Frontier Rifles in West Midnapore, West Bengal on 15th February, 2010, twenty paramilitary personnel were killed. In yet another mindless attack on 18th February, 2010, naxalites struck Phulwari village in Bihar's Jamui District killing around 11 villagers.

The House strongly condemns these dastardly attacks which are aimed at disturbing the peace and creating chaos in the country. I am sure the House would join me in empathising in this hour of grief with the members of the families who became victims of these attacks.

The House may now stand in silence for a short while as a mark of respect to the memory of the departed.

**12.43 hrs.**

*The Members then stood in silence for a short while*

---

**<u>12.44 hrs</u>**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

MADAM SPEAKER: Now Papers to be laid. Shri V. Narayanasamy.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): Madam, I beg to lay on the Table a copy of the Ancient Monuments and Archaeological Sites and Remains (Amendment and Validation) Ordinance, 2010 (No. 1 of 2010) (Hindi and English versions) promulgated by the President on 23rd January, 2010, under article 123(2)(a) of the Constitution.

(Placed in Library, See No. LT-1690/15/10)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI AJAY MAKEN): Madam, I beg to lay on the Table a copy of the Proclamation (Hindi and English versions) dated the 30th December, 2009, issued by the President under clause (2) of Article 356 of the Constitution revoking earlier Proclamation issued by her on 19th January, 2009 in relation to the State of Jharkhand, published in Notification No. G.S.R. 930(E) in Gazette of India dated the 30th December, 2009, under article 356 (3) of the Constitution.

(Placed in Library, See No. LT-1691/15/10)

**12.45 hrs.**

## STANDING COMMITTEE ON HOME AFFAIRS
## (i) 143rd Report

SHRI NAVEEN JINDAL (KURUKSHETRA): Madam, I beg to lay on the Table a copy of the One-Hundred and Forty-third Report (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Home Affairs on the Land Ports Authority of India Bill, 2009.

## (ii) Evidence

**श्री नवीन जिन्दल** अध्यक्ष महोदया, मैं भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण विधेयक, 2009 के बारे में गृह कार्य संबंधी स्थायी समिति के समक्ष दिए गए साक्ष्य की एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं।

**MADAM SPEAKER :** The House now stands adjourned to meet tomorrow at 11.00 a.m.

**12.45 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Tuesday, February 23, 2010/Phalguna 4, 1931 (Saka).*

---